राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने स्वंय के लिए भी कफर्यू लगाया
सहयोग के लिए प्रदेशवासियों का जताया आभार
चिकित्सकों के नवाचार को सराहा राज्यपाल ने

जयपुर, 26 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान में कोरोना के प्रभाव को रोकने के लिए प्रधानमंत्री के आव्हान पर लॉक डाउन किया गया है, तब से राज्य सरकार के प्रयासों में लोगों ने बहुत सहयोग किया है। इसके लिए प्रदेशवासी साधुवाद के पात्र हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि राज्य में कोरोना को हराने के लिए चिकित्सकों ने प्रभावी कदम उठाये हैं। सवाई मानसिंह चिकित्सालय में रोबोट से कोरोना के मरीजों को दवाई देने की नई पहल वाकई प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि प्रदेश के चिकित्सक कोरोना के मरीजों को चुस्त—दुरूस्त करके ही उनके घर भेजेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि यह समय संकट का है, लेकिन लोगों की एकजुटता कोरोना को अवश्य मात देगी। उन्होंने कहा कि इस वक्त लोगों की सेवा के लिए अवकाश प्राप्त चिकित्सकों को आगे आना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने स्वयं के ऊपर कर्फ्यू लागू कर लिया है। वे किसी से मिल नही रहे हैं, लेकिन मीडिया के माध्यम से हर वक्त अपडेट हैं। राज्य के मुख्यमंत्री से श्री मिश्र लगातार वार्ता कर रहे हैं और प्रदेश की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। राज्यपाल ने आज प्रात 6 जिलों के कलक्टर से दूरभाष पर बात कर जिलों की स्थिति की जानकारी ली।

———

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राष्ट्रपति और
उपराष्ट्रपति को बतायेंगे राज्य में कोरोना के हालातों के बारे में

जयपुर, 26 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को राज्य में कोरोना की स्थिति और इस वैश्विक बीमारी से राज्य को बचाने के लिए किये जा रहे उपायों व नवाचारों के बारे में बतायेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार 27 मार्च को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को राज्य में कोरोना की स्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राज्य में कोविड—19 की स्थिति, इस कार्य में रेड क्रॉस, सिविल सोसायटी व स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका और इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए राज्य में किये जा रहे प्रयासों व नवाचारों के बारे में विस्तार से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बतायेंगे।

देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सभी राज्यों के राज्यपाल व उपराज्यपालों से कोविड—19 के हालातों की समीक्षा करेंगें। इसमें राजस्थान सहित नौ राज्यों के राज्यपाल व उपराज्यपाल कोरोना वैश्विक महामारी के हालातों की बारे में अपने राज्य की स्थिति को विस्तार से प्रस्तुत करेंगें।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान